# सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर कदमतला, सिलीगुड़ी

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 18 फ़रवरी 2022

## भारत–बांग्लादेश सीमा से मैका (रंगीन तोत) के साथ 04 भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी

भारत–बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमांत मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल के अधीन वाहिनियों के सीमा प्रहरियों ने श्री अजय सिंह, महानिरीक्षक, सीमांत मुख्यालय उत्तर बंगाल फ्रंटियर सीमा सुरक्षा बल के गतिशील नेतृत्व में तस्करी और घुसपैठ के अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने के राष्ट्र विरोधी तत्वों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सीमा पर लगातार सतर्कता बरत रहे हैं। दिनांक 18 फरवरी 2022 को, एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, 06 बटालियन, 148 बटालियन और सेक्टर मुख्यालय जलपाईगुड़ी के जवानों ने सोमनाथ चक्रवर्ती (25 वर्ष), पुत्र सजल चक्रवर्ती निवासी ग्राम–109 ब्रह्मोटर कुचलीबाड़ी, पुलिस स्टेशन–कुचलीबाड़ी, जिला–कूचबिहार (पश्चिम बंगाल) नामक एक भारतीय वन्यजीव तस्कर को 15 मैकॉ (रंगीन तोते) के साथ उस समय गिरफ्तार किया जब वह इन पक्षियों को एक इनोवा वाहन जिसका नंबर डब्ल्यूबी 74 वी 85498 में ले जा रहा था । इन पक्षियों की तस्करी बांग्लादेश से भारत में की गई थी। इसके अलावा, सोमनाथ चक्रवर्ती द्वारा दी गई प्रमुख सूचना पर, सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तीन और भारतीय वन्यजीव तस्करों को चंगरबंधा बाईपास के पास एक एक्सयूवी 500 वाहन संख्या डब्ल्यूबी 02 एसी 6714 के साथ उस समय पकड़ा जब अपूर्व हलदर अन्य लोगों के साथ मैकॉ (रंगीन तोते) को प्राप्त करने की प्रतीक्षा कर रहा । पकड़े गये वन्यजीव तस्करों की पहचान क) अपूर्व हलदर (31 वर्ष) पुत्र अमल कृष्ण हलदर निवासी ग्राम– ब्लॉक 'सी' कल्याणी, पुलिस स्टेशन–कल्यानी, जिला–नादिया (पश्चिम बंगाल), ख) अमित भूईया (26 वर्ष), पुत्र श्यामल भूईया निवासी ग्राम–वार्ड न0 5 कल्याणी, पुलिस स्टेशन. कल्याणी, जिला–नादिया (पश्चिम बंगाल) और ग) निताई सरकार पुत्र स्वर्गीय गोपाल सरकार निवासी ग्राम–कदुबारी, पुलिस स्टेशन–गजोल, जिला–मालदा (पश्चिम बंगाल), के रूप में की गई है ।

मैकॉ (रंगीन तोते) दक्षिण और मध्य अमेरिका और मैक्सिको के शानदार रंगीन तोतों की 17 प्रजातियों का एक समूह है। उनमें से ज्यादातर बड़े पक्षी हैं जिनकी बड़ी पतली पूंछ होती है। वे अपनी महान बुद्धि और चंचलता के लिए जाने जाते हैं। डंबूं लंबे समय तक जीवित रहते हैं और अक्सर उन्हें विदेशी पालतू जानवरों के रूप में रखा जाता है।

उपरोक्त के अलावा, दिनांक 17 से 18 फ़रवरी 2022 को, उत्तर बंगाल फ्रंटियर सीमा सुरक्षा बल के अधीन वाहिनियों के सीमा प्रहरियों ने अपने–अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी विरोधी अभियान चलाया जिसमें राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा तस्करी के अपने नापाक मंसूबे को अंजाम देने के किसी भी प्रयास को विफल करते हुए विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों से 04 मवेशियों, 72 बोतल फेंसिडिल और अन्य प्रतिबंधित सामग्री जब्त किया । जब्त किए गए सामानों की कुल कीमत 2,00,380/– रुपये ऑका गया है। उपरोक्त वस्तुओं को सीमा सुरक्षा बल के सीमा प्रहरियों ने उस समय जब्त किया जब तस्कर भारत से बांग्लादेश में इन वस्तुओं को तस्करी करने की कोशिश कर रहे थें।